# बिना प्रमाण बहुविवाह को नहीं दी जाएगी मान्यता : हाईकोर्ट

## आदिवासी समाज में बहुविवाह की परम्परा का तर्क दरकिनार

**जबलपुर, 21 मार्च. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक अहम आदेश में स्पष्ट किया है कि बिना प्रमाण के किसी समाज में बहुविवाह की परंपरा को मान्यता नहीं दी जा सकती.**

केवल आदिवासी परंपरा का हवाला देकर किसी महिला को पति की संपत्ति या नौकरी में अधिकार नहीं मिल सकता. न्यायालय ने कहा कि ऐसे दावे के लिए ठोस साक्ष्य जरूरी हैं.

उक्त मत के साथ न्यायालय ने शहडोल निवासी महिला की याचिका निरस्त कर दी. दरअसल शहडोल निवासी मुन्नी बाई की ओर से दायर मामले में कहा गया था



कि वह भगत सिंह की दूसरी पत्नी है. वे पाव जनजाति से हैं. पाव जनजाति में बहुविवाह की परंपरा है. इसलिए उन पर हिंदू विवाह अधिनियम लागू नहीं होता. उसने पति की मृत्यु के बाद पति की संपत्ति में हिस्सा और नौकरी से जुड़े लाभ देने की मांग की. मृतक की पहली पत्नी फूलमती की ओर से इसका विरोध किया गया. तर्क दिया गया कि फूलमती मृतक की अकेली वैध पत्नी है. सरकारी सेवा अभिलेख में भी पत्नी के रूप में उसी का नाम दर्ज है.

सुनवाई के बाद न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ता की ओर से कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया. कोई मान्य दस्तावेज, परंपरा का प्रमाण या पूर्व न्यायिक निर्णय भी नहीं बताया गया. सुनवाई के बाद न्यायालय ने दायर याचिका याचिका निरस्त कर दी.

### कलेक्टर का आदेश निरस्त, पचास हजार का जुर्माना

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा कलेक्टर के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें तथ्यों को जांचे बिना ही खनन अधिकारी की रिपोर्ट को आँख मूंद करके स्वीकार कर लिया और असंबंधित व्यक्ति पर गलत तरीके से दोष मढ़ दिया. आईएएस अधिकारी के आचरण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए न्यायालय ने 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया, जिसे दोषी अधिकारियों से वसूल कर याचिकाकर्ता को भुगतान करना है. छिंदवाड़ा निवासी सारंग रघुवंशी ने छिंदवाड़ा कलेक्टर के जुर्माने के आदेश को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की थी. याचिका में कहा गया कि राजस्व कार्यालय ने वैधानिक प्राधिकरण या आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना अवैध रूप से सामग्री परिवहन कर रहे एक ट्रक को जब्त किया. खनन निरीक्षक द्वारा अंतिम रिपोर्ट के साथ एक पंचनामा तैयार किया गया और अभियोग के लिए दस्तावेज़ कलेक्टर को सौंप दिए गए. याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ और उसने जवाब दाखिल करते हुए कहा कि वह ट्रक का मालिक नहीं है.

### सोम डिस्टिलरीज मामले में अगली सुनवाई 23 को

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट में शुक्रवार को सोम डिस्टिलरीज के मामले में सुनवाई हुई. जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं और सरकार ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं. समयाभाव के चलते न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को निर्धारित की है. गौरतलब है कि इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा और जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठों ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था.

# रियल स्टेट व्यापारी से 15 करोड़ रुपए की मांगी फिरोती

**इंदौर, 21 मार्च. साउथ तुकोगंज क्षेत्र में एक रियल एस्टेट कारोबारी को कुख्यात गैंगस्टर के नाम पर धमकी देकर 15 करोड़ रुपए की मांग किए जाने का मामला सामने आया है. शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**



थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शहर के एक कारोबारी संजय जैन को गुरुवार को एक कॉल आया, जिसमें धमकी दी गई. कॉल कट करने के बाद उनके मोबाइल पर वॉयस मैसेज भेजा गया, जिसमें खुद को गैंग से जुड़ा बताते हुए हेरी बॉक्सर नाम बताकर रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई. पीड़ित ने मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच में की थी, जिसके बाद प्रकरण तुकोगंज थाना पुलिस को सौंपा गया. वहीं एडीशनल डीसीपी क्राईम ब्रांच राजेश दंडोतिया का कहना है कि शहर सहित अन्य जिलों में भी इस तरह की धमकियों की जानकारी मिल रही है. एहतियात के तौर पर कारोबारी को सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है.

## एक नजर में

### अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई

**सीधी.** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं प्रभारी खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रभारी खनि निरीक्षक देवेंद्र महोबे के नेतृत्व में खनिज दल द्वारा कुसमी, मड़वास, मझौली एवं रामपुर नैकिन तहसील क्षेत्रों में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया ।जांच के दौरान 20 मार्च 2026 की देर रात्रि ग्राम कुसमी स्थित गोपद नदी के पास दो वाहन टाटा 407 क्रमांक एमपी 53 जीए 2418 एवं एमपी 53 जीए 2226 को रोका गया.

### इंदौर में ईद-उल-फितर का उल्लास

**इंदौर.** शहर में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया. सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. सदर बाजार स्थित ईदगाह मैदान पर विशेष नमाज अदा की गई, जहां हजारों की संख्या में नमाजी मौजूद रहे. इस अवसर पर शहर काजी डॉ. मोहम्मद इशरत अली ने ईद की नमाज अदा करवाई और देश में अमन, शांति व तरक्की के लिए दुआ मांगी. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं. पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला. जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शहर काजी से मुलाकात कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं.

# आज होगा ब्राह्मण समागम, तैयारी को लेकर बैठक

### मिलन एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन

**ग्वालियर, 21 मार्च. सकल ब्राह्मण महासमिति की कोर कमेटी की बैठक संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई.**

22 मार्च को दोपहर 12 बजे सनातन धर्म मंदिर परिसर, गणेश हॉल, पर नव संवत्सर मिलन एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें नायिका कला केंद्र की शिवा नायक की प्रस्तुति गणेश वंदना एवं मां दुर्गा जी की स्तुति नृत्य तथा वैष्णवी शर्मा ग्रुप द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुति दी जाएगी.

दोपहर 12:30 बजे धर्मेंद्र- इंदू



दाम्पत्य जीवन पुनर्वास के अवसर पर आशीर्वाद समारोह होगा जिसमें मुख्य अतिथि बालेन्दु शुक्ला पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन तथा विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व सांसद होंगे. विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर केशव पांडे, सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, डॉक्टर औ.एन. कौल, कौशल शर्मा डबरा राधेश्याम शर्मा, गुना मंचासीन रहेंगे.

# तेज हवाओं के साथ बे मौसम बारिश दलहनी फसलों को नुकसान का डर

**सिंगरौली 21 मार्च.** शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात करीब-करीब समूचे ऊर्जाधानी में तेज हवाओं के झटके के साथ बे ?न समेत कई अंचलों में तेज बारिश हुई है, कुछ अंचलों में बूंदाबांदी होने पर अन्नदाता कुछ समय के लिए राहत की सांस ली है। दरअसल पिछले तीन दिनों से मौसम ने करवट बदला है।गुरूवार की शाम कई अंचलों में बूंदाबांदी हुई थी। बीते दिन शुक्रवार के दोपहर तक आसमान खुला था और इसके बाद काले बादल म ?राने लगे। रात करीब 12ञ्30 बजे के बाद तेज हवाओं का दौर शुरू होते ही बैढ़न के अलावा चितरंगी, देवसर, माड़ा, दुधमनिया, सरई तहसील क्षेत्रों के गांवों में तेज बारिश हुई है.

# ट्रांसफार्मर की चिंगारी से भड़की आग

### स्क्रैप गोदाम हुआ राख

**इंदौर, 21 मार्च. सांवेर रोड स्थित एक स्क्रैप गोदाम में शुक्रवार सुबह ट्रांसफार्मर में हुई स्पार्किंग ने देखते ही देखते भीषण आग का रूप ले लिया. आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में खड़े 14 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए. करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पाया.**

फायर ब्रिगेड के एसआई शिवनारायण शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगी, जो पास में रखे ज्वलनशील स्क्रैप तक पहुंचते ही तेजी से फैल गई.



सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन संकरे रास्ते के कारण शुरुआत में दिक्कत आई. बाद में जेसीबी की मदद से रास्ता बनाकर आग बुझाने का काम तेज किया और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. तब तक गोदाम में रखा स्क्रैप पूरी तरह जल गया और 14 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए. वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि, अचानक उठी तेज लपटों और काले धुएं ने पूरे इलाके को घेर लिया. धुआं करीब तीन किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे आसपास के रहवासी दहशत में घरों से बाहर निकल आए. हालांकि राहत की बात यह रही कि इसमें कोई भी हताहत नहीं हुआ है. घटना के बाद क्षेत्र में धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा.

# सरपंच-सचिव ने फर्जी बिल लगाकर हड़पे 3 .50 लाख रुपए

**जबलपुर, 21 मार्च. जिले के मझौली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम दुहतरा में पंचायत स्तर पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है. यहां के सरपंच अरविंद पटेल और सचिव अजीत रजक पर फर्जी बिलों के माध्यम से विकास कार्यों की राशि हड़पने के आरोप लगाए गए हैं.**

शिकायत के अनुसार, पांचवें वित्त आयोग की लगभग 3.50 लाख रुपए की राशि का दुरुपयोग किया गया है. बताया जा रहा है कि इस मामले को लेकर लगभग 3-4 महीने पहले जनपद पंचायत की टीम द्वारा जांच भी की गई थी, लेकिन उस जांच के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है.

### जनसुनवाई में कई बार की गई शिकायत

शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने पहली बार 11 नवंबर 2025 को जनसुनवाई में इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी. इसके बाद भी कई बार कलेक्टर के नाम आवेदन प्रस्तुत किए गए, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला. स्थानीय स्तर पर इस मामले को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई न होने के कारण सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार फर्जी बिलों के जरिए सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं.



## उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने महाकाल के दर्शन किए

**उज्जैन, 21 मार्च.** उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन लाभ लिए. दर्शन उपरांत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का स्वागत एवं सत्कार किया गया.

# पवैया को अध्यक्ष चुने जाने पर दी सिंधिया ने बधाई



**ग्वालियर, 21 मार्च. वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बधाई दी है.** सिंधिया ने कहा कि जयभान सिंह पवैया के समृद्ध अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व से राज्य के वित्तीय सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, ऐसा उन्हें विश्वास है. सिंधिया ने कामना की कि उनके नेतृत्व में आयोग नए मानक स्थापित करे और मध्य प्रदेश के समग्र विकास को गति मिले.

# विधायक को डेढ़ घंटे तक नहीं मिली एम्बुलेंस

## गुमराह करता रहा कॉर्डिनेटर, सांसद की फटकार के बाद सक्रिय हुआ अमला

**सतना, 21 मार्च. जिला चिकित्सालय में मरीजों के प्रति बरती जाने वाली संवेदनहीनता की तस्दीक इसी बार से की जा सकती है कि शुक्रवार को एक गंभीर मरीज और पूर्व विधायक को रेफर किए जाने के बाद भी समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई.**

मामले को संज्ञान में लेते हुए जब सांसद ने फटकार लगाई तब कहीं जाकर स्वास्थ्य अमला सक्रिय हुआ. प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को चित्रकूट के पूर्व विधायक गणेश बारी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सांसद गणेश सिंह द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था.



### सांसद पूर्व विधायक को देखने अस्पताल पहुंचे

शुक्रवार को जब सांसद पूर्व विधायक को देखने अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर करने की सलाह दी. डॉक्टरों के निर्देश पर तत्काल एम्बुलेंस बुलाने को कहा गया, लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची. इस दौरान सांसद सहित पूर्व विधायक के परिजन अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे.

# अक्षय हत्याकांड : तीनों आरोपियों को इंदौर ले गई पुलिस

**जबलपुर, 21 मार्च. इंदौर के बाणगंगा में हुए चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड के तीन आरोपियों को इंदौर पुलिस ने शहर से गिरफ्तार किया जिन्हें टीम अपने साथ ले गई जहां उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की गई है.**

इंदौर के बाणगंगा में अक्षय शर्मा का अपहरण करने के बाद हत्या कर दी गई थी. आरोपित कार से अपहरण करने के बाद इंदौर से 100 किमी. दूर शाजापुर ले गए थे. निर्वस्त्र करने के बाद उसकी बेरहमी से हत्या की थी. गर्म लोहे की रॉड से उसके शरीर को दागने के बाद आरोपित उसे 18 जनवरी को थाने के पास फेंककर फरार हो गए थे.

### कथित भाजपा नेत्री का फ्लैट में फरारी काट रहा था आरोपित दामाद

हत्याकांड के फरार आरोपियों के शहर में होने की सूचना इंदौर पुलिस को मिली थी . इसके बाद इंदौर से एक टीम जबलपुर आई थी. लार्डगंज पुलिस के साथ टीम ने राइट टाउन स्थित आदि एन्क्लेव में एक भाजपा की कथित नेत्री के घर में दबिश देकर शशिकांत शर्मा को दबोचा इसके बाद रवि और गौरव को भी पकड़ा गया. शशिकांत शर्मा भाजपा नेत्री का दामाद बताया जा रहा है.

# आफताब बोले-महाकाल की नगरी लाजवाब

## महाकाल की नगरी में चेटीचंड चल समारोह आयोजित

**उज्जैन, 21 मार्च. मुंबई के सितारे महाकाल की नगरी पहुंचे. जिसमें फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा, फिल्म अभिनेता आफताब शिवदासानी और तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकार गोली ने कहा कि उज्जैन लाजवाब है और यहां बार-बार आने का मन करता है.**

वह महाकाल के दर्शन लगातार हम करते रहे, ऐसा मन करता है. जयप्रदा ने कहा कि यदि महाकाल का आशीर्वाद रहा तो उज्जैन पर फिल्म बनाऊंगी. सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड पर महाकाल की नगरी उज्जैन में भव्य चल समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर सीएम मोहन यादव टावर चौक, फ्रीगंज पहुंचे और सिंधी समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं.



### उज्जैन बन रहा भव्य और दिव्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक और धार्मिक उत्सव समाज में प्रेम, भाईचारा और आत्मीयता को बढ़ाते हैं. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और मध्यप्रदेश सरकार भी सिंहस्थ 2028 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कर रही है. आने वाले सिंहस्थ से उज्जैन और प्रदेश की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी.

धोखाधड़ी | पाटन पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया

# मुनाफे का लालच देकर जालसाज ने उड़ाए 40 लाख

**जबलपुर, 21 मार्च. चांदी के रेट बढने और भविष्य में निवेश करने पर अच्छा फायदा होने का प्रलोभन देकर जालसाज ने एक बुजुर्ग को 40 लाख रूपए की चपत लगा दी. पाटन पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

पुलिस के मुताबिक मनोज कुमार पाण्डेय 52 वर्ष, निवासी ग्राम धमनी, कटरा वेलखेड़ा ने लिखित शिकायत की कि, विनोद पिता प्रहलाद सोनी निवासी उपरेन्द्रगंज, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, प्रोप. वालाजी ज्वेलर्स थाना कोतवाली के द्वारा निवेश के नाम




पर मुनाफे का प्रलोभन छल कपट एवं धोखा देने की नियत से लगभग 40 लाख रूपए हड़प लिए है. विनोद सोनी ने लालच दिया था कि चांदी के रेट बढ रहे है एवं भविष्य में निवेश करने पर अच्छा फायदा आपको होगा. विनोद सोनी की प्रलोभन वाली बातों में आकर अपनी ग्राम धमनी पाटन की पैतृक जमीन को अमित चौबे को 20, 82, 000 रूपए में गिरवी रख दी थी, एवं किसान क्रेडिट कार्ड से बैंक ऑफ बडोदा शाखा अधारताल से 6. 30, 000 रूपए का लोन लिया. इसके अलावा घर का पैतृक सोना लगभग 110 ग्राम को विनोद सोनी को अपने ग्राम धमनी थाना पाटन पर दिया था.

### जमीन के नाम का झांसा देकर हड़पे रुपए

इस प्रकार कुल 40 लाख रूपए की राशि का विनोद सोनी की बातों में आकर दिया था. जब उसने विनोद सोनी से जब अपने निवेश की गई उक्त राशि एवं जेवर की मांग की तो विनोद सोनी टाल मटोल, हीला हवाली करते रहा. विनोद सोनी के द्वारा पूर्व में राशि लौटाने के एवज में स्नेह नगर में प्लाट देने एवं रजिस्ट्री कराने की बात की थी. जिसके एवज में उससे 3 चैक हस्ताक्षर कराकर ले लिये थे साथ ही कार (सफारी) के मूल पेपर, आर सी ले लिये जो अभी तक नहीं लौटाये है. जमीन एग्रीमेट के पेपर एवं ओरिजनल बही नहीं दिये, एक्टिवा गाडी एव सफारी गिरवी रख दी थी जिसका 20 प्रतिशत व्याज सहित पैसा लिया है. विनोद सोनी व प्रहलाद सोनी कई अन्य लोगों को भी झांसा देकर इसी तरह फंसा कर लोगो की राशि हडप का व्यापार करते चले आ रहे है. जांच में पाया गया कि ग्राम धमनी पाटन में मनोज कुमार पाण्डे द्वारा 110 ग्राम सोना कीमती 13 लाख रूपये एवं बैंक खाते एवं नगदी के माध्यम से 22 लाख रूपये कुल राशि 35 लाख रूपये विनोद सोनी को चांदी के व्यवसाय में निवेश करने के लिये दिये थे जिसे विनोद हड़प गया.

# करोड़ों रुपए का मिला ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

### पुलिस ने किया इंटरनेशनल गेमिंग प्लेटफार्म का खुलासा

**दमोह, 21 मार्च. पुलिस ने इंटरनेशनल ऑन लाइन गेमिंग प्लेटफार्म का खुलासा किया है.शनिवार शाम एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया की मौजूदगी में इस मामले की जानकारी दी गई.**

यह पूरा अन्तर्राज्यीय गिरोह था, जो दमोह में बैठकर फर्जी सिम और म्यूट बैंक खातों की मदद से लोगों को सट्टा खिला रहा था. जिसमें करोड़ों रुपए का ट्रांजैक्शन भी मिला है.सायबर सेल और देहात थाना पुलिस की मदद से यह आरोपी पकड़े गए हैं. कुल नो आरोपी अलग-अलग राज्यों के



पकड़े गए और दमोह के दो लोगों को अभिरक्षा में लिया गया है,ह्यजिन्होंने किराए का मकान दिलवाया था.एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया उक्त गिरोह दमोह में मुश्की बाबा ह्यह्यमंदिर पानी की टंकी के पास एक किराये के मकान में यह आनलाइन साइट बिनविच के नाम से आनलाइन गेम (सट्टा) खिलाने का काम करते थे.

### सामग्री हुई बरामद

एडिशनल एसपी ने बताया कि यह अंतरराज्यीय गिरोह फर्जी सिम और म्यूट अकाउंट के माध्यम से धोखाधड़ी कर रहा था.उनके पास से करीब तीस लाख 26 हज़ार रुपए का मशरुका जप्त किया गया है. जिसमें 8 लाख रुपए कैश, एक स्कॉर्पियो, 20 सिम, एयरटेल ब्राडबैंड,राउटर, 26 एंड्राइड मोबाइल जप्त किए गए हैं.